## श्री सकल पंच मारु प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19फरवरी को



इन्दौर। श्री सकल पंच मारु प्रजापति समाज का ऐतिहासिक सामूहिक विवाह सम्मेलन वर्ष 2026फुलेरा दूज 19फरवरी को होने जा रहा है प्रथम आमंत्रण बड़ा गणपति मंदिर पर दिया गया है. इस सामूहिक विवाह सम्मेलन की अध्यक्षता ट्रस्ट के ट्रस्टी तुलसी राजू प्रजापत ने बताया की सामूहिक विवाह का यह 25 व वर्ष है मध्य प्रदेश के इतिहास मे समाज का इतना बड़ा सामूहिक विवाह सम्मेलन पहली बार होने जा रहा है सम्मेलन में 40 वर वधू जीवन साथी बनेंगे यह सम्मेलन दलाल बाग में किया जाएगा।

इस सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है यह समाज की एकता परम्परा और सामाजिक समरसता का प्रतीक वनेगा इसके अंतर्गत समाज की माताएँ बहने एवम युवा साथियो बड़ी सख्या मे हंस दास मठ पर (पीलिया खाल )पर एकत्रित हुए यहाँ से सेकड़ो की सख्या मे श्रद्धांलू पारपरिक वेशभूसा डोल - नगाड़ो और भक्ति भाव के साथ भगवान श्री गणेश जी को आमंत्रण दिया यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ साथ सामाजिक एकजुटता का भी अदभुत उदहारण पस्तुत करेगा यह सम्मेलन समाज के लिए गर्व की बात होंगी जिसमे समाज के अनेक नवयुगल वैवाहिक बंधन मे बधेगे इसमें न केवल सामाजिक कुरीतियो पर अकुश लगेगा बल्कि आर्थिक रुप से कमजोर परिवार को भी सहयोग मिलेगा।

इस पावन निमंत्रण पर समाज के विशेष रुप से पधारे पंच समिति, ट्रस्ट गण महिला मण्डल व युवा साथी सहित आये ट्रस्ट अध्यक्ष जीतेन्द्र घटेरवाल मंत्री ओमप्रकाश दुरान, खैमराज सुवटा छगन ल बोरावड़ संदीप नादिवाल प्रकाश जिनोदिया मुकेश सालड़ीवाल सुनील कपूरपुरा, ओम मामोड़िया, सत्य नारायण गेंदर, कमल सुवटा, मुकेश कपूपुरा, हरि शंकर असावला, पूर्व टस्ट अध्यक्ष दिलीप बोरावड, कमल बोरावड, रोहित सियोटा विमल सालड़ीवाल सत्य नारायण मांधनिया, मदन मांधनिया, पंकज सियोटा सूरज सियोटा गोपाल घोड़ेला, बाबू लाल सियोटा गिरधारी लाल कारवाल (अजनोद) गोरधन भाटिवाल अम्बा राम दुर्बलिया महादेव सियोटा दिनेश जिनोदिया सुनील जहाजपुरिया बाबू लाल डूडाड़ा सीताराम सियोटा उत्तम सियोटा मेघराज सियोटा मोहन उटवाल राहुल डूडाड़ा सागर नागा मनोज इटारा चन्दन जलान्धरा राजेंद्र बोरावड़ अनिल जिनोदिया गब्बू छापरवाल नरेंद्र उटवाल अंकित चौरसिया सचिन टांक सभी गण मान्य जनों की उपस्थिती मे निमंत्रण दिया. सबका साथ समाज का विकास यही उपदेश समाज का ओर मेरा है. महिलाओं में भी अच्छी उपस्थिति रही जिनमें महिला मंडल तृप्ति घटेरवाल,तुलसी प्रजापत, रेणु सुवटा,अनीता जिनोदिया,कविता सुवटा,सपना दुरान,राजू बोरावड़,मंजू ढूंढाडा,चंद्रकांता साल्डीवाल मंजू जिनोदिया,बरखा जिनोदिया, सीमा घोडेला,और समाज जन उपस्थित थे।

## दिव्यांग दम्पत्ति सुनील और देवकन्या बाई के आवास का सपना हुआ साकार



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर में प्रति मंगलवार आयोजित की जा रही जनसुनवाई आम नागरिकों के लिए राहत का प्रभावी अवसर बन रही है। इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में संपन्न जनसुनवाई में अनेक आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव नहीं हो सका, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित की गई।

जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग दम्पत्ति श्री सुनील पांडे और श्रीमती देवकन्या बाई पांडे ने कलेक्टर श्री शिवम वर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। उन्होंने बताया कि शासन की योजना के तहत उन्हें ऑटो रिक्शा प्राप्त हुआ, जिससे उनका रोजगार सुदृढ़ हुआ और उन्होंने नियमित रूप से किस्तें भी जमा कर दी हैं। वर्तमान में वे गौरी नगर में किराए के मकान में निवासरत हैं। यदि पक्का आवास मिल जाए तो बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सहित भविष्य की योजनाओं में उन्हें बड़ी सहूलियत होगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत करने के निर्देश दिए। दम्पत्ति ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से उनके पक्के आवास का सपना साकार होने जा रहा है।

जनसुनवाई में आज पारिवारिक एवं संपत्ति विवाद, शिक्षा तथा रोजगार से जुड़े अनेक आवेदन भी प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने भी जनसुनवाई की।

## गौतमपुरा में शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित

इंदौर। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा इंदौर जिले के गौतमपुरा नगर में जल प्रदाय परियोजना अंतर्गत कार्य किया गया है। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नगर की जल प्रदाय व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग के उद्देश्य से शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मयूरी वर्मा, समिति सदस्ये श्री गगन बाहेती, श्री प्रमोद सक्सेना, उप परियोजना प्रबंधक श्री लालचंद कुरेठिया सहित सभी संबंधित मौजूद रहे। बैठक के दौरान जल आपूर्ति से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें एस्क्रो अकाउंट के संचालन, 100 प्रतिशत उपभोक्ताओं को नई पाइपलाइन से जोड़ने, सभी जल कनेक्शनों के सत्यापन तथा प्रदाय किए जा रहे जल की मात्रा की जांच पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाने हेतु सर्वेक्षण, नागरिकों को जल के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरूक करने, तथा अन्य अधोसंरचना कार्यों के दौरान पाइपलाइन क्षति को रोकने हेतु समन्वय व्यवस्था सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की गई।



इंदौर। शहर के सबसे व्यस्ततम लवकुश चौराहे पर इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा निर्मित किया जा रहा मल्टी लेयर फ्लाईओव्हर अब अपने पूर्ण आकार की ओर बढ़ रहा है। वर्तमान में इस प्रोजेक्ट के लेवल-2 (दूसरे स्तर) का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। निर्माण की प्रगति का विहंगम दृश्य भविष्य में शहर की सुगम यातायात व्यवस्था की एक झलक पेश करता है।

## कनेक्शन के बाद भी नहीं मिल रहा ऋषि विहार कॉलोनी में पानी

**रहवासियों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं हुआ समस्या का निराकरण**

इंदौर। मलीन बस्ती के अंतर्गत आने वाली ऋषि विहार कॉलोनी के रहवासियों ने वर्ष 2013 में नगर निगम में 1000 रुपए जमा कर नर्मदा जल के कनेक्शन लिए गए थे। लेकिन आज दिनांक तक कॉलोनी में नर्मदा का जल नहीं आया। इस संबंध में रहवासियों द्वारा कई बार जोन 14 के झोनल अधिकारी एवं जिलाधीश को भी जनसुनवाई में आवेदन दिया गया। इसके साथ ही सीएम हेल्प लाईन में भी शिकायत की गई। कई शिकायतें करने के बाद भी समस्या का निराकरण आज तक नहीं हुआ है। यह बात इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में विजयसिंह कौशल एवं राजकुमार सिंह चौहान के साथ ही ऋषि विहार कॉलोनी के रहवासियों ने कही। रहवासियों ने बताया कि समस्या का समाधान न होने के कारण हमें निजी टैंकरो से पानी खरीदना पड़ रहा है। यहां के रहवासियों की परेशानी यह है कि जो लोग सक्षम है वह तो पानी खरीद रहे है किंतु जो लोग गरीब हैं उन्हें दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। रहवासियों द्वारा नल कनेक्शन का शुल्क जमा करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। 2013 में जल प्रदाय हेतु पाईप लाइन डाली गई थी, लेकिन लाइन नीचे होने के कारण नलों में पानी नहीं आता है। अभी सड़क निर्माण कार्य भी चल रहा है ऐसे पुरानी पाईप लाइन को बदलकर 12 इंच की पाईप लाइन डालने की मांग की है। समस्या का निराकरण नहीं होने की स्थिति में रहवासियों आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए कहा उच्च अधिकारी का घेराव भी किया जाएगा। 2013 से अभी तक जलकर भी माफ किया जाए और जिन लोगों ने जलकर भर दिया है उन्हें भी मय ब्याज सहित राशि वापस की जाए।

## आध्यात्मिक समारोह संगीत समारोह में ख्यात गायिका लक्ष्मी पांडे ने समा बांधा

इंदौर। रचनात्मक संस्था उत्थान द्वारा गीता भवन सत्संग हॉल में लोक सेवा आयोग के पूर्व सचिव पंडित एन. के. शुक्ला जी स्मृति 33वें आध्यात्मिक संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीआई के विशेष अभियोजक मनोज द्विवेदी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआईएसएफ के वरिष्ठ सेनानायक कृष्ण सारस्वत ने की।



कार्यक्रम में विशेष रूप से महामंडलेश्वर भास्करानंद जी महाराज, महामंडलेश्वर दादू जी महाराज भी उपस्थित थे।

भास्करानंद जी ने उक्त अवसर पर कहा कि इस तरह के आयोजन से पूर्वजों का आशीर्वाद सदैव प्राप्त होता रहता है एवं समाज में पूर्वजों को याद करते रहना बड़ा ही प्रशासनीय कार्य है। दादू महाराज ने कहा कि 33 वर्षों से निरंतर पंडित शुक्ला जी की याद में कार्यक्रम करना एक सच्ची श्रद्धांजलि है।

संगीत समारोह का आगाज राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विख्यात भजन गायिका श्रीमती लक्ष्मी पांडे की प्रस्तुति से श्रोताओं से खचाखच भरा हाल एवं परिसर तालिया से गूंज उठा।

आपकी ज्यादातर रचनाएं आध्यात्मिक भाव लिए हुए थी। जिसके चलते माहौल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो गया था।

कार्यक्रम का श्री गणेश कर श्रीमती लक्ष्मी पांडे ने हमारी अलबेली राधे..... मेरे बांके बिहारी नंदलाल मोहना..... यह चमक यह दमक...... रामा रामा रटते रटते...... सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी। श्रीमती पांडे के साथ कीबोर्ड पर संगत कर रहे थे श्री राज पाठक, तबले पर श्री प्रिंस बैरागी, ढोलक पर श्री कुलदीप मरमट, ऑक्टोपैड पर श्री सत्यम पटेल।

कार्यक्रम में विशेष तौर पर डॉ. सुरेश सिलावट, अभिभाषक रमेश सोनवाने, अजय शुक्ला, गीता भवन सत्संग समिति के अध्यक्ष श्री रामविलास राठी, डॉ. सुधा सिलावट भी विशेष तौर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व में उत्थान परिवार की ओर से अतिथियों एवं कलाकारों का पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत श्री कृष्ण प्रजापति, इंजीनियर गौरव शुक्ला, श्री मोहन शर्मा, श्री हर्ष दीक्षित, श्री अभिषेक शुक्ला आदि ने किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नूतन शुक्ला ने किया। आभार माना श्री गिरीश चवहाण ने।

## फेयरफील्ड बाय मैरियट इंदौर में शुरू हुआ द ग्रेट इंडियन पैलेट

इंदौर। फेयरफील्ड बाय मैरियट इंदौर में 16 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक 'द ग्रेट इंडियन पैलेट – ए 28 –स्टेट क्यूलिनरी ओडिसी' का विशेष फूड फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। होटल के प्रमुख डाइनिंग आउटलेट 'कावा' में आयोजित यह फेस्टिवल मेहमानों को शाब्दिक रूप से भोजन के माध्यम से भारत दर्शन का अनुभव करवाएगा।





इस 11-दिवसीय फूड फेस्टिवल का उद्देश्य देश के 28 राज्यों की रेसिपी, तकनीक, मसाले, पकाने के तरीकों और क्षेत्रीय खानपान की आत्मा को मेहमानों तक पहुँचाना है।

उत्तर से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक, भारत की पाक पहचान को बनाते सैकड़ों स्वादों और परंपराओं को इस उत्सव में एक जगह प्रस्तुत किया जा रहा है।

होटल मैनेजर,श्री सुदीप सिन्हा ने कहा, ÷भारत की असली खूबसूरती उसकी विविधता में है, और भोजन इस विविधता को समझने का सबसे सहज माध्यम है। 'द ग्रेट इंडियन पैलेट' के माध्यम से हमारा प्रयास है कि मेहमानों को ऐसा अनुभव दिया जाए जो उन्हें अपने राज्य, अपने शहर और अपनी रसोई की याद दिलाए।

फेस्टिवल की थीम को मजबूत बनाने के लिए व्यंजनों की प्रामाणिकता पर विशेष ध्यान दिया गया है, जहाँ प्रत्येक राज्य के व्यंजन उनके मूल मसालों, पारंपरिक पकाने के तरीकों और क्षेत्रीय स्वाद के साथ प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

फूड फेस्टिवल का आकर्षण 'लाइव स्टेट किचन' है, जिसमें मेहमान बिहार का लिट्टी-चोखा, केरल का अप्पम, राजस्थान का दाल-बाटी चूरमा और असम का मसालेदार फिश करी जैसे क्षेत्रीय व्यंजनों को बनते हुए देखने का अनुभव ले सकेंगे।

## दोगुना फायदे का झांसा दे लाखों की धोखाधड़ी करने वाले दो भाइयों को तीन तीन साल की सजा

इन्दौर। अपर सत्र न्यायाधीश आलोककुमार मिश्रा की कोर्ट ने निवेश को दोगुना करने का झांसा देकर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी भाइयों कमल पिता त्रिलोकचंद गोयल निवासी सिलिकॉन सिटी एवं उसके भाई विमल गोयल निवासी जानकी नगर को 14 साल पुराने प्रकरण में सुनवाई उपरांत धारा 420 में दोषी करार देते तीन–तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो–दो हज़ार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

प्रकरण में एक अन्य आरोपी विमल की पत्नी सविता गोयल भी है जो कि फरार चल रही है। प्रकरण में अभियोजन पैरवी अपर लोक अभियोजक अजय मिमरोट ने की। अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि उक्त आरोपियों ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर तुकोगंज इलाके की एक मल्टी में एक निजी फाइनेंस कंपनी के नाम पर वर्ष 2012 में बाकायदा आफिस खोल 1 वर्ष में दोगुना करने का लालच देकर फरियादी महेन्द्रसिंह कुशवाह सहित कई लोगों से रुपया जमा करा उनके साथ धोखाधड़ी की थी। महेन्द्रसिंह से आठ लाख रूपए जमा करवाएं थे। इसकी शिकायत फरियादी महेंद्रसिंह कुशवाह द्वारा पुलिस को की गई थी लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट में निजी परिवाद दायर किया जिस पर कोर्ट आदेश के बाद 2014 में पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी पश्चात विवेचना कर प्रकरण चालान न्यायालय में पेश किया जहां सुनवाई उपरांत सक्षम न्यायालय ने उक्त निर्णय सुनाया।

## राजपूत समाज का महाकुंभ : 25 जनवरी को इंदौर में अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन

इंदौर। राजपूत समाज के युवाओं के वैवाहिक भविष्य को मजबूत दिशा देने और समाज को एकजुट करने की दृष्टि से इंदौर आगामी दिनों में एक ऐतिहासिक आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। राजपूत परिषद जिला इंदौर द्वारा 25 जनवरी को चिमनबाग स्थित स्काउट ग्राउंड मैदान पर अखिल भारतीय विवाह योग्य युवक–युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसे समाज का महाकुंभ कहा जा रहा है।

सम्मेलन की तैयारियाँ तेजी से अंतिम चरणों में पहुँच चुकी हैं और समाज में इस आयोजन को लेकर व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह पूरा कार्यक्रम निःशुल्क रहेगा तथा परिचय पुस्तिका का विमोचन भी आयोजन स्थल पर ही किया जाएगा।

राजपूत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर और जिला अध्यक्ष ठाकुर राम सिंह दिखीत ने बताया कि यह परिचय सम्मेलन न सिर्फ मध्य प्रदेश बल्कि देश के कई राज्यों के युवक-युवतियों को मंच प्रदान करेगा।

अब तक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से 700 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी हैं और पंजीयन की प्रक्रिया लगातार जारी है।

सम्मेलन में कुंडली मिलान की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे परिवारों को उपयुक्त जीवनसाथी खोजने में व्यावहारिक सहायता मिल सके। परिषद का मानना है कि डिजिटल सुविधाओं और आधुनिक व्यवस्था के साथ आयोजित यह सम्मेलन समाज के युवाओं के मध्य वैवाहिक समन्वय की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित होगा।

महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती अर्पिता सिकरवार ने समाज की मातृशक्ति को सक्रिय करते हुए डिजिटल माध्यम एवं घर-घर संपर्क अभियान के द्वारा प्रविष्टियाँ भरवाने का महत्वपूर्ण जिम्मा संभाला है।

आयोजन की तैयारी में अरविंद सिंह ठाकुर, ठाकुर राम सिंह दिखीत , जय सिंह पवार, शैलेन्द्र सिंह दिखीत, भगवान सिंह सेंगर तथा महेंद्र सिंह बेस सहित कई स्वजातीय प्रतिनिधि समाजजन से व्यक्तिगत संपर्क कर रहे हैं तथा व्यापक रूप से जानकारी प्रसारित कर रहे हैं।

## सफाई में लापरवाही पर निगम आयुक्त सख्त, दो दरोगाओं का वेतन काटा, सीएसआई को दी चेतावनी

**:: मास्टर प्लान सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश; सुबह-सुबह झोन 2 और 12 का किया औचक निरीक्षण ::**

इंदौर। इंदौर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज तड़के शहर की सफाई व्यवस्था और निर्माणाधीन सड़कों का औचक निरीक्षण किया। स्वच्छता मानकों में ढिलाई पाए जाने पर आयुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मच्छी बाजार क्षेत्र में मुख्य सड़कों पर कचरा फैला मिलने पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने झोन क्रमांक 2 (वार्ड 68) के सफाई दरोगा मनीष पथरोड और झोन क्रमांक 12 (वार्ड 59) के सफाई दरोगा जहीर खान का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित मुख्य स्वच्छता निरीक्षक (सीएसआई) के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मास्टर प्लान सड़क कार्य में तेजी के निर्देश

आयुक्त ने बायपास स्थित



होटल प्राइड से सिटी फॉरेस्ट तक बन रही 2.4 किलोमीटर लंबी मास्टर प्लान सड़क के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए मौके पर मौजूद योजना शाखा के अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, प्रभारी योजना शाखा नरेश जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया और उपयंत्री पराग अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त सिंघल ने सभी अधिकारियों को फील्ड पर सक्रिय रहने और स्वच्छता एवं विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

## म.प्र. से राज्यसभा में अंबेडकर परिवार का सदस्य चाहिए

इंदौर। मध्यप्रदेश से राज्यसभा में डॉ. अम्बेडकर का फोटो नहीं, सीधे अंबेडकर परिवार का सदस्य चाहिए। कांग्रेस की दलित हितैषी नीति पर बड़ा सवाल करते हुए राज्यसभा के लिए अंबेडकर परिवार की दावेदारी पेश की। मध्यप्रदेश में रिक्त हो रही राज्यसभा की सीट को लेकर इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश प्रभारी मुकुल लक्ष्मण वाघ ने इस मुद्दे पर सीधे तौर पर कांग्रेस और विपक्षी दलों के संबंध कही। उनके साथ डॉ. बी.आर. अंबेडकर के प्रपौत्र एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरत्न अंबेडकर भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मध्यप्रदेश की राज्यसभा सीट पर दलित वर्ग से किसी प्रतिनिधि को भेजने की चर्चाएं चल रही है। यदि कांग्रेस पार्टी वास्तव में खुद को अंबेडकरवादी और दलितों की हितैषी मानती है, तो वह केवल वोट बैंक के लिए बाबा साहेब के फोटो का सहारा लेना बंद करे। यदि उनमें साहस और ईमानदारी है, तो वह रिक्त सीट पर अंबेडकर परिवार के किसी सदस्य को राज्यसभा भेजकर अपनी गंभीरता साबित करे। ग्वालियर में हुए संविधान निर्माता बाबा साहेब के अपमान का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश में बाबा साहेब ने जन्म लिया, वहीं उनका अपमान होना पूरे देश के लिए शर्मनाक है। यह केवल एक समाज का नहीं बल्कि देश की साख का सवाल है। इस अवसर पर श्री अंबेडकर के साथ कनाडा से आए दो विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे।